Toppersnotes
Unleash the topper in you

# HARYANA – CET

## समान पात्रता परीक्षा

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (HSSC)

भाग - 3

हिन्दी एवं अंग्रेजी

SIERRA INNOVATIONS

# विषयसूची


| S No. | Chapter Title | Page No. |
|---|---|---|
| 1 | वर्ण विचार | 1 |
| 2 | संज्ञा | 5 |
| 3 | सर्वनाम | 7 |
| 4 | विशेषण | 8 |
| 5 | क्रिया | 9 |
| 6 | वचन | 16 |
| 7 | लिंग | 17 |
| 8 | कारक | 21 |
| 9 | काल | 24 |
| 10 | तत्सम – तद्भव शब्द | 26 |
| 11 | अलंकार | 28 |
| 12 | अव्वय – अविकारी शब्द | 32 |
| 13 | मुहावरे | 35 |
| 14 | लोकोक्तियाँ | 41 |
| 15 | संधि | 44 |
| 16 | उपसर्ग | 59 |
| 17 | प्रत्यय | 68 |
| 18 | समास | 76 |
| 19 | पर्यायवाची | 82 |
| 20 | विलोम शब्द | 84 |
| 21 | अनेकार्थक शब्द | 90 |
| 22 | वाक्य विचार | 93 |
| 23 | वाक्य के लिए एक शब्द | 100 |

# विषयसूची


| S No. | Chapter Title | Page No. |
|---|---|---|
| 24 | Noun (संज्ञा) | 106 |
| 25 | Pronoun (सर्वनाम) | 112 |
| 26 | Adjective (विशेषण) | 115 |
| 27 | Verb (क्रिया) | 121 |
| 28 | Adverb (क्रिया विशेषण) | 128 |
| 29 | Time and Tense (समय और काल) | 135 |
| 30 | Subject–Verb Agreement (कर्ता क्रिया अनुबंध) | 139 |
| 31 | Antonyms & Synonyms (विलोम और पर्यायवाची शब्द) | 143 |
| 32 | Spelling Correction (वर्तनी सुधार) | 145 |
| 33 | Idioms & Phrases (मुहावरे और वाक्यांश) | 147 |
| 34 | Sentence Improvements (वाक्य सुधार) | 149 |
| 35 | Voice (वाच्य) | 155 |
| 36 | Narration (वर्णन) | 159 |
| 37 | Shuffling of Sentences and Words | 167 |

**23**
**CHAPTER**

# वाक्य के लिए एक शब्द

- अनुचित बात के लिए आग्रह– (दुराग्रह)
- अण्डे से जन्म लेने वाला– (अण्डज)
- अवसर के अनुसार बदल जाने वाला– (अवसरवादी)
- अत्यंत सुन्दर स्त्री– (रूपसी)
- आकाश को चूमने वाला– (गगनचुंबी)
- आकाश में उड़ने वाला– (नभचर)
- आलोचना करने वाला– (आलोचक)
- आशा से अधिक– (आशातीत)
- आगे होनेवाला– (भावी)
- आँखों के सामने– (प्रत्यक्ष)
- आँखों से परे– (परोक्ष)
- आलोचना के योग्य – (आलोच्य)
- अवश्य होनेवाला – (अवश्यम्भावी)
- आदि से अन्त तक – (आद्योपान्त)
- आवश्यकता से अधिक वर्षा – (अतिवृष्टि)
- अन्य से सम्बन्ध न रखने वाला – (अनन्य)
- अच्छा–बुरा समझने की शक्ति का अभाव – (अविवेक)
- अध्ययन (पढ़ना) का काम करने वाला – (अध्येता)
- आग से झुलसा हुआ – (अनलदग्ध)
- धन से सम्बन्ध रखने वाला – (आर्थिक)
- आदि से अन्त तक – (आद्योपान्त)
- परदे के लिये रथ या पालकी को ढकने वाला कपड़ा– (ओहार)
- अपनी विवाहित पत्नी से उत्पत्र (पुत्र)– औरस (पुत्र)
- अपने कर्त्तव्य का निर्णय न कर सकने वाला – (किंकर्त्तव्यविमूढ़)
- अधिक दिनों तक जीने वाला– (चिरंजीवी)
- अन्न को पचाने वाली जठर (पेट) की अग्नि – (जठराग्नि)
- आँवला, हरड़ व बहेड़ा – (त्रिफला)
- अभी–अभी जन्म लेने वाला – (नवजात)
- अपने पति के प्रति अनन्य अनुराग रखने वाली– (पतिव्रता)
- अपने पद से हटाया हुआ– (पदच्युत)
- आय–व्यय, लेन–देन का लेखा करने वाला – (लेखाकार)
- अगहन और पूस में पड़ने वाली ऋतु– (हेमन्त)
- अनुवाद किया हुआ – (अनूदित)
- आलस्य में जँभाई लेते हुए देह टूटना – (अँगड़ाई)
- अति सूक्ष्म परिमाण – (अणिमा)
- आज के दिन से पूर्व का काल – (अनद्यतनभूत)
- अध्ययन किया हुआ– (अधीत)
- अनिश्चित जीविका– (आकाशवृत्ति)
- अनुसंधान की इच्छा– (अनुसंधित्सा)
- आकाश से तारे का टूटना– (उपप्लव)
- अगस्त्य की पत्नी– (लोपामुद्रा)
- अंडों से निकली छोटी मछलियों का समूह – (पोताधान)
- अधिक रोएँ वाला – (लोमश)
- अमावस्या की रात – (कुहू)
- इन्द्रियों की पहुँच से बाहर – (अतीन्द्रिय)
- इंद्रियों पर किया जानेवाला वश – (इंद्रियाविग्रह)
- इस लोक से सम्बन्धित – (ऐहिक)
- इन्द्र का महल – वैजयन्त
- ऊपर आने वाला श्वास – (उच्छवास)
- ऊपर की ओर बढ़ती हुई साँस– (उर्ध्वश्वास)
- उपचार या ऊपरी दिखावे के रूप में होने वाला – (औपचारिक)
- ऊपर लिखा गया – (उपरिलिखित)
- उत्तर दिशा – (उदीची)
- उच्च वर्ण के पुरुष के साथ निम्न वर्ण की स्त्री का विवाह – (अनुलोम विवाह)
- एक ही समय में होने वाला – (समसामयिक)
- एक स्थान से दूसरे स्थान को हटाया हुआ – (स्थानान्तरित)
- ऐसा व्रत, जो मरने पर ही समाप्त हो – (आमरणव्रत)
- ऐसा ग्रहण जिसमें सूर्य या चन्द्र का पूरा बिम्ब ढँक जाय – (खग्रास)
- एक व्यक्ति द्वारा चलायी जाने वाली शासन प्रणाली – (तानाशाही)
- ऐतिहासिक युग के पूर्व का – (प्रागैतिहासिक)
- ऐसी भूमि जो उपजाऊ नहीं हो – (उसर)
- किसी पद का उम्मीदवार – (प्रत्याशी)
- कीर्तिमान पुरुष – (यशस्वी
- कम खर्च करने वाला – (मितव्ययी)
- कठिनाई से समझने योग्य – (दुर्बोध)
- किसी बात को बढ़ा–चढ़ाकर कहना – (अतिशयोक्ति)
- कठिनता से प्राप्त होने वाला – (दुर्लभ)
- क्रम के अनुसार – (यथाक्रम)
- किसी कथा के अंतर्गत आने वाली दूसरी कथा – (अन्तःकथा)
- किसी पक्ष का समर्थन करने वाला – (अधिवक्ता)
- किसी सभा, संस्था का प्रधान – (अध्यक्ष)
- किसी कार्य के लिए दी जाने वाली सहायता – (अनुदान)
- किसी मत या प्रस्ताव का समर्थन करने की क्रिया – (अनुमोदन)

- किसी व्यक्ति या सिद्धान्त का समर्थन करने वाला – (अनुयायी)
- किसी वस्तु को प्राप्त करने की तीव्र इच्छा – (अभीप्सा)
- किसी प्राणी को न मारना – (अहिंसा)
- किसी पात्र आदि के अन्दर का स्थान, जिसमें कोई चीज आ सके – (आयतन)
- किसी अवधि से संबंध रखने वाला – (आवधिक)
- किसी देश के वे निवासी जो पहले से वहाँ रहते रहे हैं – (आदिवासी)
- किसी चीज या बात की इच्छा रखनेवाला – (इच्छुक)
- किन्हीं घटनाओं का कालक्रम से किया गया वृत – (इतिवृत)
- किसी के बाद उसकी संपत्ति प्राप्त करने वाला – (उत्तराधिकारी)
- कष्टों या काँटों से भरा हुआ – (कंटकाकीर्ण)
- किसी विचार, निर्णय को कार्यरूप देना– (कार्यान्वयन)
- किसी के इर्द–गिर्द घेरा डालने की क्रिया – (घेराबन्दी)
- करुण स्वर में चिल्लाना – (चीत्कार)
- सावधान करने के लिए कही जाने वाली बात – (चेतावनी)
- किसी भी बात को जानने की इच्छा – (जिज्ञासा)
- काँटेदार झाड़ियों का समूह – (झाड़झंखाड़)
- किसी ग्रंथ या रचना की टीका करनेवाला – (टीकाकार)
- किसी भी पक्ष का समर्थन न करने वाला – (तटस्थ)
- कुछ निश्चित लम्बाई का कपड़ा – (थान)
- किसी के साथ सम्बन्ध न रखने वाला – (निःसंग)
- किसी बात का गूढ़ रहस्य जानने वाला – (मर्मज्ञ)
- किसी मत को मानने वाला – (मतानुयायी)
- कुबेर की नगरी – (अलकापुरी)
- किसी के दुःख से दुःखी होकर उस पर दया करना – (अनुकम्पा)
- किसी श्रेष्ठ का मान या स्वागत – (अभिनन्दन)
- किसी विशेष वस्तु की हार्दिक इच्छा – (अभिलाषा)
- किसी के शरीर की रक्षा करनेवाला – (अंगरक्षक)
- किसी को भय से बचाने का वचन देना – (अभयदान)
- केवल फल खाकर रहनेवाला – (फलाहारी)
- किसी कलाकार की कलापूर्ण रचना – (कलाकृति)
- करने की इच्छा – (चिकीर्षा)
- कुबेर का बगीचा– (चैत्ररथ)
- कुबेर का पुत्र – (नलकूबर)
- कुबेर का विमान – (पुष्पक)
- कच्चे मांस की गंध – (विस्र)
- कमल के समान गहरा लाल रंग – (शोण)
- काला पीला मिला रंग – (कपिश)
- केंचुए की स्त्री – (शिली)
- कुएँ की जगत – (वीनाह)
- केवल वर्षा पर निर्भर – (बारानी)
- काला पानी की सजा पाया कैदी – (दामुल कैदी)
- किसी काम में दखल देना – (हस्तक्षेप)
- कुसंगति के कारण चरित्र पर दोष – (कलंक)
- कुछ खास शर्तों द्वारा कोई कार्य कराने का समझौता – (संविदा)
- खाने से बचा हुआ जूठा भोजन – (उच्छिष्ट)
- खाने की इच्छा – (बुभुक्षा)
- खून से रँगा हुआ – (रक्तरंजित)
- खेलने का मैदान – (क्रीड़ास्थल)
- गुरु के समीप रहनेवाला विद्यार्थी – (अन्तेवासी)
- गंगा का पुत्र – (गांगेय)
- घास छीलने वाला – (घसियारा)
- घास खानेवाला – (तृणभोजी)
- घृणा करने योग्य – (घृणास्पद)
- घर के सबसे ऊपर के खंड की कोठरी – (अटारी)
- घर के सामने का मंच – (आलिन्द)
- घूम–फिरकर सौदा बेचने वाला – (फेरीवाला)
- चार वेदों को जानने वाला – (चतुर्वेदी)
- चार राहों वाला – (चौराहा)
- चेतन स्वरूप की माया – (चिद्विलास)
- चूहे फँसाने का पिंजड़ा – (चूहेदानी)
- चौथे दिन आने वाला ज्वर – (चौथिया)
- चारों ओर की सीमा – (चौहदी)
- चारों ओर जल से घिरा हुआ भू–भाग – (टापू)
- चोरी छिपे चूंगी शुल्क आदि दिये बिना माल लाकर बेचनेवाला – (तस्कर)
- चिंता में डूबा हुआ – (चिंतित)
- चुनाव में अपना मत देने की क्रिया – (मतदान)
- छिपे वेश में रहना – (छद्मवेश)
- छात्रों के रहने का स्थान – (छात्रावास)
- छत में टाँगने का शीशे का कमल या गिलास, जिसमें मोमबत्तियाँ जलती हों – (फानूस)
- छूत से फैलने वाला रोग – (संक्रामक)
- छाती का घाव – (उरक्षत)
- जो कभी नष्ट न हो – (अनश्वर)
- जो उच्च कुल में उत्पन्न हुआ हो – (कुलीन)
- जो क्षमा के योग्य हो – (क्षम्य)
- जो कम बोलता हो – (मितभाषी)
- जो अधिक बोलता हो – (वाचाल)
- जो सब जगह व्याप्त हो – (सर्वव्यापक)
- जो देखने योग्य हो – (दर्शनीय)
- जो कुछ न करता हो – (अकर्मण्य)
- जो पुत्र गोद लिया हो – (दत्तक)
- जो मान–सम्मान के योग्य हो – (माननीय)
- जो नष्ट न होने वाला हो – (अविनाशी)
- जो परिचित न हो – (अपरिचित)
- जो स्थिर रहे – (स्थावर)
- जो वन में घूमता हो – (वनचर)
- जो इस लोक से बाहर की बात हो – (अलौकिक)
- जो धन का दुरुपयोग करता है – (अपव्ययी)
- जो कानून के विरुद्ध हो – (अवैध)

Unleash the topper in you

- जो कानून के अनुसार हो – (वैध)
- जो पहले न पढ़ा हो – (अपठित)
- जो दो भाषाएँ जानता हो – (दुभाषिया)
- जो धर्म का काम करे – (धर्मात्मा)
- जो स्वयं पैदा हुआ हो – (स्वयंभू)
- जो शरण में आया हो – (शरणागत)
- जो बहुत समय कर ठहरे– (चिरस्थायी)
- जो जन्म से अंधा हो– (जन्मांध)
- जो सब जगह व्याप्त हो–(सर्वव्यापक)
- जो स्त्री कविता लिखती है– (कवयित्री)
- जो पुरुष कविता रचता है– (कवि)
- जो शत्रु की हत्या करता है– (शत्रुघ्न)
- जो विज्ञान जानता है– (वैज्ञानिक)
- जो व्याकरण जानता है– (वैयाकरण)
- जो लोक में संभव न हो– (अलौकिक)
- जो मन को हर ले– (मनोहर)
- जो कुछ नहीं जानता है– (अज्ञ)
- जो भू के गर्भ (भीतर) का हाल जानता हो– (भूगर्भवेत्ता)
- जो भू को धारण करता है– (भूधर)
- जो स्त्री सूर्य भी न देख सके– (असूर्यम्पाश्या)
- जो अत्यन्त कष्ट से निवारित किया जा सके– (दुर्निवार)
- जो अश्व (घोड़े) का आरोही (सवार) है– (अश्वारोही)
- जो सरों में जनमता है– (सरसिज)
- जो स्त्री के वशीभूत या उसके स्वभाव का है– (स्त्रैण)
- जो राजगद्दी का अधिकारी हो– (युवराज)
- जो मोक्ष चाहता हो– (मुमुक्षु)
- जो नेत्रों से दिखाई न दे– (अगोचर)
- जो पहले न देखा गया हो– (अदृष्टपूर्व)
- जो किसी विशेष समय तक ही लागू हो– (अध्यादेश)
- जो शोक करने योग्य नहीं है– (अशोच्य)
- जो पहले कभी नहीं सुना गया– (अश्रुतपूर्व)
- जो जन्म लेते ही गिर या मर गया हो– (आदण्डपात)
- जो उद्धार करता है– (उद्धारक)
- जो किसी नियम को न माने– (उच्छृंखल)
- जो भूमि उपजाऊ हो– (उर्वरा)
- जो दिन में एक बार भोजन करता है– (एकाहारी)
- जो कान को कटु लगे– (कर्णकटु)
- जो कटु बोलता है– (कटुभाषी)
- जो कष्ट को सहन कर सके– (कष्टसहिष्णु)
- जो काम से जी चुराता है– (कामचोर)
- जो कठिनाइयों से पचता है– (गरिष्ठ)
- जो जरायु (गर्भ की थैली) से जनमता है– (जरायुज)
- जो तर्क के आधार पर सही सिद्ध हो– (तर्कसंगत)
- जो तीन गुणों (सत्व, रज, व तम) से परे हो– (त्रिगुणातीत)
- जो दर्शन–शास्त्र का ज्ञाता हो– (दार्शनिक)
- जो मुश्किल से प्राप्त हो– (दुष्प्राप्य)
- जो विलंब या टालमटोल से काम करे– (दीर्घसूत्री)
- जो पृथ्वी से सम्बन्धित हो– (पार्थिव)
- जो पिंड से जनमता है– (पिंडज)
- जो उक्ति बार–बार कही जाय– (पुनरुक्ति)
- जो प्रणाम करने योग्य हो– (प्रणम्य)
- जो मुकदमे का प्रतिवाद करे– (प्रतिवादी)
- जो पहरा देने वाला हो– (प्रहरी)
- जो पूछने योग्य हो– (प्रष्टव्य)
- जो प्रिय बोलता हो– (प्रियवादी)
- जो दूसरे के अधीन हो– (पराधीन)
- जो प्रशंसा के योग्य हो– (प्रशंसनीय)
- जो अपने मातृभूमि छोड़ विदेश में रहता हो– (प्रवासी)
- जो केवल फल खाकर निर्वाह करता हो– (फलाहारी)
- जो बुद्धि द्वारा जाना जा सके– (बुद्धिजीवी)
- जो एक स्थान पर टिक कर नहीं रहता– (यायावर)
- जो युद्ध में स्थिर रहता है– (युधिष्ठिर)
- जो दया के साथ (दयालु) है– (सदय)
- जो सरलता से बोध्य (समझने योग्य) हो– (सुबोध)
- जो सर्वशक्तिसंपन्न है– (सर्वशक्तिमान)
- जो स्मरण करने योग्य है– (स्मरणीय)
- जिसके हृदय में ममता नहीं है– (निर्मम)
- जिसका पति जीवित हो– (सधवा)
- जिसका वर्णन न किया जा सके– (वर्णनातीत)
- जिसका पार न पाया जाए–(अपार)
- जिसका कोई शत्रु ही न जन्मा हो– (अजातशत्रु)
- जिसका कोई दूसरा उपाय न हो– (अनन्योपाय)
- जिसका आदर न किया गया हो– (अनादृत)
- जिसका वचन द्वारा वर्णन न किया जा सके– (अनिवर्चनीय)
- जिसका उच्चारण न किया जा सके– (अनुच्चरित)
- जिसका अनुभव किया गया हो– (अनुभूत)
- जिसका मन उदार हो– (उदारमना)
- जिसका मन महान हो– (महामना
- जिसका हाथ बहुत तेज चलता हो– (क्षिप्रहस्त)
- जिसकी पत्नी मर गई हो– (विधुर)
- जिसकी बाँहें जानु (घुटने) तक पहुँचती हो– (आजानुबाहु)
- जिसकी बाँहें अधिक लंबी हो– (प्रलंबबाहु)
- जिसकी पत्नी साथ में न हो– (विपत्नीक)
- जिसने इंद्रियों को जीत लिया हो– (जितेंद्रिय)
- जिसने गुरु से दीक्षा ली हो– (दीक्षित)
- जिसमें कोई दोष न हो– (निर्दोष)
- जिस हँसी से अट्टालिका तक हिल जाय– (अट्टहास)
- जिस पर विचार न किया गया हो– (अविचारित)
- जिस पर आक्रमण न किया गया हो– (अनाक्रांत)
- जिसे अधिकार दिया गया हो– (अधिकृत)
- जिसे क्षमा न किया जा सके– (अक्षम्य)
- जिसे दंड का भय न हो– (उदंड)
- जिसे बहुत कम ज्ञान हो, थोड़ा जानने वाला– (अल्पज)

- जिसे जीता न जा सके– (अजेय)
- जिसे क्षमा न किया जा सके– (अक्षम्य)
- जिसे या जिसका मूल नहीं है– (निर्मूल)
- जिसे जानना चाहिए– (ज्ञातव्य)
- जिसे पढ़ा न जा सके– (अपाठ्य)
- जिसे भेदा (तोड़ा) न जा सके– (अभेद्य)
- जिसे आश्वासन दिया गया हो– (आश्वस्त)
- जिसे वाह्र जगत का ज्ञान न हो– (कुपमण्डूक)
- जिसे त्याग देना उचित हो– (त्याज्य)
- जिसे क्रय किया गया हो– (क्रीत)
- जिसे भेदना या तोड़ना कठिन हो– (दुर्भेद्य)
- जिसे देश से निकाला गया हो– (निर्वासित)
- जिसे कोई भ्रम या सन्देह न हो– ( निर्भ्रन्त)
- जिसे कोई आकांक्षा न हो– (निःस्पृह)
- जहाँ पहुँचा न जा सके– (अगम्य)
- जहाँ लोगों का मिलन हो– (सम्मेलन)
- जानने की इच्छा रखने वाला– (जिज्ञासु)
- जहाँ नदियों का मिलन हो– (संगम)
- जन्म भर– (आजन्म)
- जहाँ जाना संभव न हो– (अगम)
- जहाँ तक सध सके– (यथासाध्य)
- जहाँ खाना मुफ्त मिलता है– (सदाव्रत)
- जहाँ गमन (जाया) न किया जा सके– (अगम्य)
- जहाँ तक हो सके– (यथासंभव)
- जान से मारने की इच्छा– (जिघांसा)
- जीतने की इच्छा– (जिगीषा)
- जमी हुई गाढ़ी चीज की मोटी तह– (थक्का)
- जल में लगने वाली आग– (बड़वाग्नि)
- जिनकी ग्रीवा (गर्दन) सुन्दर हो– (सुग्रीव)
- जुआ खेलने का स्थान– (फड़)
- जनता में प्रचलित सुनी–सुनाई बात– (किंवदंती)
- झूठा मुकदमा– (अभ्याख्यान)
- तप करने वाला– (तपस्वी)
- तीनों लोकों का स्वामी– (त्रिलोकी)
- तीन कालों की बात जानने वाला– (त्रिकालज्ञ)
- तीन युगों में होने वाला– (त्रियुगी)
- तीन नदियों का संगम– (त्रिवेणी)
- तैरने की इच्छा– (तितीर्षा)
- तर्क के द्वारा जो माना गया हो– (तर्कसंगत)
- तमो गुण का– (तामसिक)
- तीन प्रहरों वाली रात– (त्रियामा)
- तिनकों से बना घर– (उटज)
- तट का जो भाग जल के भीतर हो– (अन्तरीप)
- दूसरों की बातों में दखल देना– (हस्तक्षेप)
- दूसरों के दोष को खोजने वाला– (छिद्रान्वेसी)
- दूसरे के पीछे चलने वाला– (अनुचर)
- दुखांत नाटक– (त्रासदी)
- दर्द से भरा हुआ– (दर्दनाक)
- दाव (जंगल) का अनल (आग)– (दावानल)
- दूसरों के गुणों में दोष ढूँढने की वृति का न होना– (अनसूया)
- दोपहर के बाद का समय– (अपराह)
- द्वार या आँगन के फर्श पर रंगों से चित्र बनाने या चौक पूरने की कला– (अल्पना)
- देश में विदेश से माल आने की क्रिया– (आयात)
- दूसरों के दोषों को खोजना– (छिद्रान्वेषण)
- दूसरों के दोषों को ढूँढने वाला– (छिद्रान्वेषी)
- दिन रात ठाढ़े (खड़े) रहने वाले साधु– (ठाढ़ेश्वरी)
- दो बार जन्म लेने वाला– (द्विज)
- देने की इच्छा– (दित्सा)
- देवताओं पर चढ़ाने हेतु बनाया गया दही, घी, जल, चीनी, और शहद का मिश्रण– (मधुपर्क)
- देह का दाहिना भाग– (अपसव्य)
- दो दिशाओं के बीच की दिशा– (उपदिशा)
- दूर से मन को आकर्षित करनेवाली गंध– (निर्हारी)
- दुःख, भय आदि के कारण उत्पन्न ध्वनि– (काकु)
- द्वीप में जनमा– (द्वैपायन)
- दक्षिण दिशा– (अवाची)
- दो या तीन बार कहना– (आम्रेडित)
- धरती और आकाश के बीच का स्थान– (अंतरिक्ष)
- ध्यान करने योग्य या लक्ष्य– (ध्येय)
- नापाक इरादे से की जाने वाली मन्त्रणा या साजिश– (दुरभिसन्धि)
- नाक से रक्त बहने का रोग– (नकसीर)
- नख से शिखा तक के सब अंग– (नखशिख)
- नया उदित होने वाला– (नवोदित)
- नदी से सींचा जानेवाला प्रदेश– (नदीमातृक)
- नए युग या प्रवृत्ति का निर्माण करने वाला– (युगनिर्माता)
- नए युग या प्रवृत्ति का प्रवर्तन (लागू करने) वाला– (युगप्रवर्तक)
- न बहुत शीत (ठंडा) न बहुत उष्ण (गर्म)– (समशीतोष्ण)
- नगर का रहनेवाला– (नागरिक, नागर)
- नया (तुरंत का) जनमा हुआ– (नवजात)
- निशा में विचरण करनेवाला– (निशाचर)
- निन्दा करने योग्य– (निन्दनीय)
- न्याय करने वाला– (न्यायाधीश)
- नकल करने योग्य– (अनुकरणीय)
- न कहने योग्य वचन– (अवाच्य)
- नाटक में बड़ी बहन– (अत्तिका)
- निंदा न किया हुआ– (अगर्हित)
- नई योजना का सर्वप्रथम काम में लाने का उत्सव– (उद्घाटन)
- नाटक का आदरणीय पात्र– (मारिष)
- टाइप करने की कला– ( टंकण)
- ठीक अपने क्रम से आया हुआ– (क्रमागत)
- ठकठक करके बर्तन बनानेवाला– (ठठेरा)
- डाका मारनेवाला– (डकैत)
- डाका मारने का काम– (डकैती)

- पंद्रह दिन में एक बार होने वाला– (पाक्षिक)
- पुत्र की वधू– (पुत्रवधू)
- पुत्र का पुत्र– (पौत्र)
- पूजने योग्य– (पूजनीय, पूज्य)
- पढ़ने योग्य– (पठनीय)
- पूछने योग्य– (प्रष्टव्य)
- पर्ण (पत्ते) की बनी हुई कुटी– (पर्णकुटी)
- प्रकृति सम्बन्धी– (प्राकृतिक)
- पंक्ति में सबसे आगे खड़ा होने वाला– (अग्रसर)
- परम्परा से चली आई हुई बात, उक्ति या कला– (अनुश्रुति)
- पदार्थ का सबसे छोटा इन्द्रिय–ग्राह्य विभाग या मात्रा– (अणु)
- पूरब दिशा– (प्राची)
- पश्चिम दिशा– (प्रतीची)
- पर्वत के पास की भूमि– (उपत्यका)
- पिता की हत्या करनेवाला– (पितृहंता)
- पिता की पिता– (पितामह)
- प्राण देनेवाली औषधि– (प्राणदा)
- प्रिय बोलनेवाली स्त्री– (प्रियंवदा)
- पिता से प्राप्त की हुई (सम्पत्ति)– (पैतृक)
- पूर्णिमा की रात– (राका)
- पक्षियों का कलरव– (वांछित)
- पानी से उठा हुआ किनारा– (पुलिन)
- पीसे हुए चावल की मिठाई– (अँदरसा)
- प्रसूता को दिया जानेवाला भोजन– (अछवानी)
- पेट या जठर की आग– (वडवानाल)
- प्राणों पर संकट लाने वाला– (सांघातिक)
- फेंककर चलाया जाने वाला हथियार– (अस्त्र)
- बच्चों के लिए काम की वस्तु– (बालोपयोगी)
- बिलकुल बर्बाद हो गया हो– (ध्वस्त)
- बिना अंकुश का– (निरंकुश)
- बिना पलक गिराये हुए– (अनिमेष)
- बेलों आदि से घिरा हुआ सुरम्य स्थान– (कुंज)
- बरसात के चार महीने– (चतुर्मास)
- बहुत चंचल, दुष्ट और अपनी प्रशंसा करने वाला नायक– (धीरोद्धत)
- बिना तार की वीणा– (कोलंबक)
- बिना विचार किए विश्वास करना– (अंधविश्वास)
- बार–बार बोलना– (अनुलाप)
- बेरों के जंगल में जनमा– (बादरायण)
- बच्चे को पहले–पहल अन्न खिलाना– (अन्नप्राशन)
- बिजली की तरह कान्ति (चमक) वाला– (विधुत्प्रभ)
- भली प्रकार से सीखा हुआ– (अभ्यस्त)
- भलाई चाहने वाला– (हितैषी)
- भौहों के बीच का ऊपरी भाग– (त्रिकुटी)
- भारतवर्ष का उत्तरी भाग– (आर्यावर्त)
- भूख से व्याकुल– (क्षुधातुर)
- मछली की तरह आँखों वाली– (मीनाक्षी)
- मयूर की तरह आँखों वाली– (मयूराक्षी)
- मन की वृत्ति (अवस्था) – (मनोवृत्ति)
- मेघ की तरह नाद करनेवाला – (मेघनाद)
- मछली पकड़ने या बेचने वाली जाति विशेष – (धीवर)
- मोहजनित प्रेम – (आसक्ति)
- मंत्र–द्वारा देवता को बुलाना – (आवाहन)
- मध्य रात्रि का समय– (निशीथ)
- मनोहर गन्ध – (परिमल)
- मुख को सुंगधित करनेवाला पान – (मुखवासन)
- मछली रखने का पात्र – (कुवेणी)
- मछली मारने का काँटा – (वडिश)
- मानसिक भाव छिपाना – (अवहित्था)
- मर्यादा का उल्लंघन करके किया हुआ – (अतिकृत)
- यात्रियों के लिए धर्मार्थ बना हुआ घर – (धर्मशाला)
- रात और सन्ध्या के बीच की वेला – (गोधूलि)
- राजनीतिज्ञों एवं राजदूतों की कला – (कूटनीति)
- रात को दिखाई न देनेवाला रोग – (रतौंधी)
- राजा या राज्य के प्रति किया जाने वाला विद्रोह – (राजद्रोह)
- लौटकर आया हुआ – (प्रत्यागत)
- लाभ की इच्छा – (लिप्सा)
- विधानमंडल द्वारा पारित या स्वीकृत नियम – (अधिनियम)
- वह पत्र, जिसमें किसी को कोई काम करने का अधिकार दिया जाय – (अधिपत्र)
- वर्षा का अभाव – (अनावृष्टि)
- वह कवि जो तत्क्षण कविता कर सके – (आशुकवि)
- वह व्यक्ति जो हाथ उठाए हो – (उर्ध्वबाहु)
- वह बात जो जनसाधरण में चलती आ रही है – (किंवदन्ती)
- वात, पित्त व कफ – (त्रिदोष)
- विवाह के पश्चात वधू का ससुराल में दूसरी बार आना– (द्विरागमन)
- वह स्त्री जिसके पति ने त्याग (छोड़) दिया हो – (परित्यक्ता)
- वह शासन प्रणाली जिसमें जन साधारण का शासन हो – (प्रत्युत्पन्नमति)
- वह काव्य जिसका अभिनय किया जाय– (रूपक)
- विष्णु का शंख – (पाञ्चजन्य)
- विष्णु का चक्र – (सुदर्शन)
- विष्णु की गदा – (कौमोदकी)
- विष्णु की तलवार – (नन्दक)
- विष्णु की मणि – (कौस्तुभ)
- विष्णु का धनुष – (शार्ंग)
- विष्णु का सारथि – (दारुक)
- विष्णु का छोटा भाई – (गद)
- वृद्धावस्था से घिरा हुआ– (जराक्रान्त)
- वर्षा के जल से पालित – (देवमातृक)
- वर्षा सहित तेज हवा – (झंझावात)
- वह गणित जिसमें संख्याओं का प्रयोग हो – (अंकगणित)

- विपत्ति के समय विधान करने का धर्म – (आपद्धर्म)
- सौतेली माँ – (विमाता)
- साहित्य से सम्बन्ध रखने वाला – (साहित्यिक)
- समान उदर से जन्म लेनेवाला – (सहोदर)
- संसार में सबका प्रिय – (लोकप्रिय)
- सरकार द्वारा दूसरे देश की तुलना में अपने देश की मुद्रा का मूल्य कम कर देना – (अवमूल्यन)
- सर्वप्रथम मत को प्रवर्तित करने वाला – (आदिप्रवर्तक)
- सूर्य जिस पर्वत के पीछे निकलता है – (उदयाचल)
- सूर्योदय से पहले का समय – (उषाकाल)
- सिक्के ढालने का कारखाना – (टकसाल)
- सत्व, रज व तम – (त्रिगुण)
- सिर पर धारण करने योग्य – (शिरोधार्य)
- शयन करने की इच्छा – (सुषुप्सा)
- स्वप्न में बकझक करना – (उचावा)
- सीपी, बाँसी, सूकरी, करी, धरी और नरसल से बनी माला – (बैजयन्तीमाला)
- सफेदी लिए हुए लाल रंग – (पाटल)
- श्रद्धा से जल पीना – (आचमन)
- सोना, चाँदी पर किया गया रंगीन काम – (मीनाकारी)
- हाथी को हाँकने का लोहे का हुक – (अंकुश)
- हाथ से लिखा हुआ – (हस्तलिखित)
- हाथ की लिखी पुस्तक या मसौदा– (पांडुलिपि)
- होठों पर चढ़ीपान की लाली – (अधरज)
- क्षण भर में नष्ट होने वाला – (क्षणभंगुर)
- क्षुधा से आतुर – (क्षुधातुर)
- ऋषियों के रहने का स्थान – (आश्रम)
- ऋण के रूप में आर्थिक सहायता – (तकावी)
- ज्ञान देने वाली – (ज्ञानदा)
- ज्ञान देनेवाला – (ज्ञातव्य)
- जीतने या दमन करने की इच्छा – (जिगीषा)
- कार्य करने की इच्छा – (चिकीर्षा)
- रचना करने की इच्छा – (सिसृक्षा)
- सांसारिक वस्तुओं को प्राप्त करने की इच्छा– (एशणा)

## दिशावाचक शब्द

- उत्तर व पूर्व के बीच की दिशा– (ईशान)
- पूर्व व दक्षिण के मध्य की दिशा– (आग्नेय)
- दक्षिण व पष्चिम के मध्य की दिशा– (नैऋत्य)
- पश्चिम व उत्तर के मध्य की दिशा– (वायव्य)
- श्रेष्ठ गुणों से संपन्न शूरवीर नायक– (धीरोदात्त)
- अविवाहित महिला– (अनूढा)
- नवविवाहित महिला– (नवोढा)
- पति व पुत्र से युक्त महिला– (पुरन्ध्री)
- नायक से मिलने छिपकर जाने वाली नायिका– (अभिसारिका)
- ऐसी भूमि जिसमें कुछ भी पैदा ना होता हो – (ऊसर/बंजर)
- हरी–भरी फसल से लहलहाती भूमि – (सस्य श्यामला)
- ऐसी भूमि जिसको कभी जोता ना गया हो – (अप्रहत)
- सूर्यादय से दो घडी पहले का समय – (ब्रह्म मुहूर्त)
- अर्द्धरात्रि का समय – (निशीथ)
- किसानों को प्राप्त होने वाली सरकारी सहायता – (तकावी)
- किसी को प्राप्त होने वाली सरकारी सहायता – (नजराना)
- रंगमंच पर पर्दे के पीछे का स्थान – (नेपथ्य)
- स्वयं का विनाश करने वाला – (आत्मघाती)
- आज–तक से संबंध रखनेवाला – (अद्यतन)
- भाषण देने में चतुर – (वाग्मी)
- बोलने में चतुर – (वाक्पटु)
- भूत, भविष्य, वर्तमान को जाननेवाला – (त्रिकालज्ञ)
- जनसाधारण के लिए जारी सूचना – (विज्ञप्ति)
- सरकार के द्वारा बनाये गये नियम – (अधिनियम)

Unleash the topper in you

# 24 CHAPTER

# NOUN (संज्ञा)

- किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान, गुण, कार्य या अवस्था के नाम को Noun कहते है ।
- यह पाँच प्रकार की होती है –
  1. **Proper Noun** (व्यक्तिवाचक संज्ञा) – जब व्यक्ति, वस्तु या स्थान के नाम का बोध हो ।
     **Eg:-** Ram, Delhi, Gita etc.
  2. **Common Noun** (जातिवाचक संज्ञा) – जब एक वर्ग अथवा जाति के व्यक्ति या वस्तु का बोध हो ।
     **Eg:-** King, Boy, City, Girl etc.
  3. **Collective Noun** (समूहवाचक संज्ञा) – जब समूह का बोध हो है ।
     **Eg:-** Team, Herd, Committee, Army etc.
  4. **Material Noun** (द्रव्यवाचक संज्ञा) – जब ऐसे पदार्थ का बोध हो जिससे दूसरी वस्तुएं बनायी जा सके ।
     **Eg:-** Gold, Silver, iron, wood etc.
  5. **Abstract Noun** (भाववाचक संज्ञा) – जब ऐसे गुण, भाव, क्रिया एवं अवस्था का बोध हो जिन्हे देखा व छुआ नहीं जा सके, केवल महसूस किया जा सकता है ।
     **Eg:-** Honesty, Virtue, Kindness, Jealous etc.

### Important Point

1. कुछ Noun ऐसे होते है जो देखने में Plural लगते है, परंतु अर्थ में Singular होते है ।
   **Such as** - Civics, Mathematics, Ethics, Politics, Economics, Mumps, Billiards, Athletics etc.
   **Eg:-** Civics is a good subject.
2. कुछ Noun देखने में singular लगते है, लेकिन अर्थ में Plural होते है ।
   **Such as** - Cattle, Gentry, Peasantry (किसानी), Poultry (मुर्गीफॉर्म), Clergy (पादरी लोग) etc.
   **Eg:-** Cattle are grazing in the field.
3. कुछ शब्द जैसे– Committee, Audience, Police, team, mob (भीड) देखने में Singular लगते है but अर्थ में Plural होते है ।
4. कुछ Noun का Use Singular form में किया जाता है, ये Uncountable Noun होते है ।
   **Such as** - Scenery, Furniture, information, advice, poetry, luggage, luck, language, business, knowledge, money, Jewelry.
   **Eg:-** He gave me information's (information).
   I like Shakespeare's poetries (Poetry).
5. कुछ Noun Singular व Plural दोनों में Use होते है।
   **Such as** –
   Dear, Fish, Crew, Family, team, counsel (परामर्श)
6. यदि किसी Noun से पूर्व Preposition आता है तो वह Singular noun होता है ।
   **Eg:-** Ship after ship is coming.
7. कुछ noun ऐसे होते है जिनमें 'S' लगाने से उनका अर्थ बदल जाता है ।
   **Such as** -
   Water – Waters (समुद्र)
   People – Peoples (बहुत से राष्ट्र के लोग)
   Iron – irons (बेडिया)
   Physic (दवा) – Physics (भौतिकी)
   **Eg:-** your physics is (are) poor.
8. Dozen (दर्जन), Gross, score, hundred, thousand, Million (10 Lac), Billion (100 Lac), Weight, stone, pair, units में एक जैसा प्रयोग होता है अर्थात् Singular or Plural दोनो में प्रयोग होता है ।
   **Eg:-** I have bought two dozens (Dozen) pencils.
   I have bought dozens of Bananas.

9. 'ICS' ending noun के पहले 'The' अथवा possessive, adjective, my, your, our का प्रयोग होने पर इनका अर्थ बदल जाता है अतः ये plural noun के रूप में बदल जाते है ।

**Eg.:-** My mathematics are not very good.

10. (i) Cloths – बिना सिले हुए

Clothes – सिले हुए

(ii) Cost - कीमत

Price – कीमत

- Cost का use amount of paid by the shopkeeper के अर्थ में होता है ।
- जबकि price का अर्थ Amount Paid by customer के रूप में होता है ।

**Eg :-** The price of production of automobile items has gone up. (The cost of)

**Eg :-** Sometimes buyers (खरीदने वाला) have to pay higher costs for items. (Higher price)

11. 'House' का प्रयोग A building to live in के अर्थ में करते है ।

**Eg :-** Quarters are homes allotted for a definite period. (✗)

Quarters are houses allotted for a definite period. (✓)

12. कुछ Nouns का प्रयोग Plural form में ही होता है । इनके अंतिम में लगे 'S' को हटाकर singular नहीं बनाया जा सकता है ।

Scissors, tongs, pliers, trousers, plants, pajamas, shorts, gallus, Spectacles, binoculars, alms, amends, fireworks, outskirts, particulars etc.

**Eg:-** All his assets were seized.

Alms are given to the beggars.

13. Hyphenated noun का प्रयोग कभी भी plural noun में नहीं होता है ।

**Eg :-** He gave me two hundred rupees notes. (✗)

He gave me two hundred rupee notes. (✓)

He stays in five stars hotels. (✗)

He stays in five star hotels. (✓)

14. Common Gender Nouns

जैसे– teacher, student, child, clerk, advocate, worker, writer, leader, musician etc. dual gender noun होते है । इनके साथ सामान्य तथा he/his/him प्रयोग करते है ।

**Eg :-** Every leader should perform his duty.

A teacher should perform his duty sincerely.

15. कुछ nouns का प्रयोग लोग बोल–चाल की भाषा में करते है लेकिन वास्तव में उनका प्रयोग करना बिलकुल गलत होता है ।

**Eg:-**

| | गलत प्रयोग | सही प्रयोग |
|---|---|---|
| 1. | Cousin brother or cousin sister | Cousin |
| 2. | Pickpocketer | Pickpocket |
| 3. | Good name | Name |
| 4. | Big/small blunder | Blunder (blunder का अर्थ होता है बडी भूल। अतः big का प्रयोग गलत है।) |
| 5. | Strong breeze | Strong wind (Breeze हमेशा light एवं gentle होता है।) |
| 6. | Bad dream | Nightmare |

16. निम्नलिखित nouns में भी हमें confusion रहता है–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Floor (फर्श) | Ground (जमीन) |
| 2. | skill (सीख कर प्राप्त करते हैं) | Talent Inborn (जन्म से होता है ।) |
| 3. | Envy (ईर्ष्या जो दूसरों की चीजों को देख कर होती है ।) | Jealousy (ईर्ष्या जो अपनी चीजों के खोने के डर से हाती है ।) |

17. कुछ nouns के singular एवं plural forms के अर्थ पूर्णतया अलग होते हैं, अतः इनका प्रयोग सावधानीपूर्वक करना चाहिए ।

**Eg :-**

| Singular | Meaning | Plural | Meaning |
|---|---|---|---|
| Air | (हवा) | Airs | (दिखावटी व्यवहार) |
| Return | (वापसी) | Returns | (आय का हिसाब) |
| Iron | (लोहा) | Irons | (जंजीरे) |
| Sand | (रेत) | Sands | (रेगिस्तान) |
| Wood | (लकडी) | Woods | (जंगल) |
| Abuse | (दुरूपयोग) | Abuses | (कुरूतियाँ) |
| Good (adj.) | (अच्छा) | Goods | (सामान) |
| Water | (पानी) | Waters | (समुद्र) |
| Work | (काम) | Works | (साहित्य लेख) |
| Fruit | (फल जैसे सेब इत्यादि) | Fruits | (नतीजा) (मेहनत इत्यादि का) |
| Wit | (वाक्पटुता) | Wits | (बुद्धिमता) |

18. कुछ विदेशी भाषा के Nouns के Plural forms नीचे दिये गए हैं –

| Singular | Plural |
|---|---|
| Agendum (कार्यक्रम) | Agenda |
| Erratum (छापेखाने की भूल) | Errata |
| Alumnus (विद्यार्थी) | Alumni |
| Axis (धुरी) | Axes |
| Analysis (विश्लेषण) | Analyses |
| Bacillus (हानिकारक कीटाणु) | Bacilli |
| bandit (लुटेरा) | Banditti (bandits) |
| Bacterium (कीटाणु) | Bacteria |
| Basis (आधार) | Bases |
| Criterion (कसौटी) | Criteria |
| Crisis (संकट) | Crises |
| Datum (जानी हुई बात) | Data |
| Dictum (सिद्धान्त) | Dicta |
| Formula (सूत्र) | Formulae/formulas |
| Memorandum (स्मृतिपत्र) | Memoranda |
| Sanatorium (स्वास्थ्यवर्द्धक स्थान) | Sanatoria |
| Phenomenon (घटना) | Phenomena |
| Thesis (अनुसंधानपूर्ण लेख) | Theses |
| Medium (माध्यम) | Media |
| Radius (त्रिज्या) | Radii |
| oasis (रेगिस्तान की हरी–भरी भूमि) | Oases |
| Series (क्रम) | Series |
| species (जाति) | Species |
| Apparatus (यंत्र) | Apparatus |
| Terminus (अंत) | Termini |
| Index (सूची) | Indices |
| Hypothesis (शर्त/उपकल्पना) | Hypotheses |
| Parenthesis (निक्षीप्त वाक्य) | Parentheses |
| Genius (विद्वान, प्रतिभाशाली व्यक्ति) | Genii/Geniuses |
| Metamorphosis (कायान्तरण) | Metamorphoses |
| Narcosis (बेहोशी) | Narcoses |

Unleash the topper in you

| | |
|---|---|
| Diagnosis (रोगी का निर्णय) | Diagnoses |
| Album (संग्रह पुस्तक) | Albums |
| Mausoleum (मकबरा/समाधि) | Mausoleums, Mausolea |
| Forum (मंच/न्यायालय) | Forums |
| Premium (किश्त) | Premiums |
| Museum (संग्रहालय) | Museums |
| Auditorium (श्रोताकक्ष) | Auditoriums |
| Aquarium (जल-जीवशाला) | Aquariums/Aquaria |
| Curriculum (पाठ्यक्रम) | Curriculums/Curricula |
| Stadium (स्टेडियम) | Stadiums |
| Harmonium (हारमोनियम) | Harmoniums |
| Gymnasium (व्यायामशाला) | Gymnasiums |
| Asylum (आश्रम) | Asylums |

**Some Important Collective Noun -**

| | | |
|---|---|---|
| बाल का समूह | - | Turp of hair |
| गुथे बालों का समूह | - | Shock of hair |
| स्त्रोताओं की मण्डली | - | An assembly of listeners |
| न्यायाधीशो की मण्डली | - | A bench of Judges |
| कूड़े-कचरे का ढेर | - | heap of rubbish |
| मुर्गी के बच्चों का समूह | - | flock of chickens |
| सोने का ढेर | - | hoard of gold |
| राज्यों का संगठन | - | league of states |
| अनाजों का ढेर | - | A sheaf of corn |
| हथियारों का ढेर | - | Piles of arms |
| अध्ययन का पाठ्यक्रम | - | A syllabus of studies |
| सैनिकों का समूह | - | Regiment of soldiers |
| दीमकों का झुंड | - | A colony of termites |

**Collection of people -**

| | | | |
|---|---|---|---|
| A brigade of cavalry. | (घुड़सवार सैनिकों का दल) | A contingent of boy scouts. | (स्काऊट के लड़कों का दल) |
| A brigade of infantry. | (पैदल सैनिकों का दल) | A corporation of people. | (लोगों की मंडली) |
| A brigade of artillery. | (आग्नेयास्त्र चलाने वाले सैनिकों का दल) | A corps of volunteers. | (स्वयंसेवकों का समूह) |
| A batch of pupils. | (शिष्यों का समूह) | A multitude of people. | (लोगों की भीड़) |
| An assembly of representatives. | (प्रतिनिधियों की मंडली) | A muster of troops. | (सैनिकों का दल) |
| A caravan of pilgrims. | (तीर्थयात्रियों का काफिला) | A panel of judges. | (न्यायाधीशों का समुदाय) |
| A caravan of merchants. | (व्यापारियों का कारवाँ) | A panel of jurymen. | (अभिनिर्णायकों का समूह) |

Toppersnotes
Unleash the topper in you

| | | | |
|---|---|---|---|
| A bench of judges. | (न्यायाधीशों की मंडली) | A pack of fools. | (मूर्खों का झुंड) |
| A circle of friends. | (मित्रों की मंडली) | A pack of knaves. | (धूर्तों/पापियों/दुष्टों का झुंड) |
| A circle of acquaintances. | (परिचितों की मंडली) | A platoon of musketeers. | (बंदूक लिये हुए फौजियों का दल) |
| A clique of schemers. | (उपाय रचने वालों की मंडली) | A posse of policemen. | (सिपाहियों का सशक्त दल) |
| A colony of people. | (लोगों की नई बस्ती) | A procession of people. | (लोगों का जुलूस) |
| A company of actors. | (अभिनेताओं की मंडली) | A queue of people. | (लोगों की कतार/पंक्ति) |
| A company | A company | A senate of councilors. | (सभासदों की समिति) |
| of merchants. | of merchants. | A senate of university members. | (विश्वविद्यालय के सदस्यों की समिति) |
| (व्यापारियों की मंडली) | (व्यापारियों की मंडली) | A squad of soldiers drilling. | (ड्रील करने वाले सैनिकों का झुंड) |
| A concourse | A concourse | A staff of officials. | (अधिकारियों का समूह) |
| of people. | of people. | A staff of servants. | (नौकरों का समूह) |
| (लोगो का समूह) | (लोगो का समूह) | A stream of visitors. | (अभ्यागतों/भेंट करने वालों का समूह) |
| A conference of preachers. | A conference of preachers. | A string for coolies. | (कुलियों की पंक्ति) |
| A congress of delegates. | (प्रतिनिधियों की सभा) | A school of thinkers. | (विचारको का झुंड) |
| A contingent of army personnels. | (थल सैनिकों का दल) | A school of learned men. | (विद्वानों का समूह) |

**Collection of animals, birds and insects -**

| | | | |
|---|---|---|---|
| A troop of lions. | (शेरों का झुंड) | A swarm of flies. | (मक्खियों का झुंड) |
| A troop of monkeys. | (बंदरों का झुंड) | A swarm of bees. | (मधुमक्खियों का झुंड) |
| A train of donkeys. | (गधों का समूह) | A swarm of locusts. | (टिड्डों का झुंड) |
| A team of horses. | (घोडों का समूह) | A stud of ponies. | (छोटे घोडों का झुंड) |
| A team of oxen. | (बैलों का झुंड) | A stud of horses. | (घोडों का झुंड) |

**Some Important Abstract Noun**

| **Adjective** | **Abstract Noun** | **Verb** | **Abstract Noun** |
|---|---|---|---|
| Able | Ability | Belong | Belongings |
| Brief | Brevity | Allow | Allowance |
| Careful | Carefulness | Accede | Access |
| Capable | Capability | Admit | Admission |
| Efficient | Efficiency | Attend | Attendance |
| Faithful | Faithfulness | Choose | Choice |
| Hard | Hardship | Carry | Carriage |

| | | | |
|---|---|---|---|
| Excellent | Excellence | Consume | Consumption |
| Curious | Curiosity | Deceive | Deceit |
| Careless | Carelessness | Practice | Practice |
| Busy | Business | Behave | Behavior |
| Active | Activity | Arrive | Arrival |

**Words Denoting Group -**

Lions - Pride (Female), Coalition (male)

Dogs - Kennel, Pack (आवारा, शिकारी कुत्ते)

Trees - Woodland, Grove (बडे वृक्षों, छोटे पौधों)

Tigers - Ambush, Streak

Ships - Fleet, Armada (Normal ships, war ships)

Sheep's - Flock, Herd, Mob

Fish - School, Shoal (बहुत सारे shoal एक line में आ जाये)

Magicians - Wizard, Warlock (+ve effects, -ve effects)

People - Crowd, Mob (disarrange group, अव्य भीड)

Puppy - Litter of puppies

**Noun and Gender -**

**Gender**

Masculine – Poet, horse, fox

Feminine – Poetess/ Mare/ Vixen

Neuter – Chair, Pen

Common – Friend/ Student

| **Masculine** | **Feminine** |
|---|---|
| Tutor (नीति शिक्षक) | Governess (नीति शिक्षिका) |
| Nephew (भतीजा) | Niece (भतीजी) |
| Groom (दुल्हा) | Bride (दुल्हन) |
| Wizard (जादूगर) | Witch (जादुगरनी) |
| Lover (प्रेमी) | Beloved (प्रेमिका) |
| Lord (स्वामी) | Lady |
| Gander (हंस) | Goose (हंसीनी) |

- कुछ शब्दों को Feminine मानते है अतः इनके साथ Pronoun Her, Hers, She या herself लगाते है।
  **Such as** - The moon, The earth, Nature, Spring, Virtue, Charity, mercy, peace, ship, river, nation, fame, city, liberty.
  **Eg :-** The moon shed <u>its</u> (her) light on the bank.
  Love virtue <u>it</u> (she) is alone free.
- The Sun, time, death, wind, Summer, thunder, Ocean, love, war, wine को masculine माना जाता है । इनके साथ He, his, him, himself का Use करते है।
  **Eg :-** Death lays her (his) icy hand or king.
- Everything, something, anything, nothing, indefinite pronoun है, ये neuter gender को प्रकट करते है ।
  **Eg :-** Everything should be kept in his (✗) /its (✓) order.
  This is Mohan's Pen. (यह मोहन का पेन है ।)
  This is the door of the house. (यह घर का दरवाजा है ।)
  This is Girl's college. (यह लडकियों का विद्यालय है ।)
- यदि दो noun and से जुडे हो तो उनके बीच close relation ना हो तो दोनों nouns के (अलग-अलग अधिकार के अर्थ में) साथ Apostrophe's का प्रयोग करते है।
  **Eg:-** Mohan's and Sohan's house. (मोहन का घर और सोहन का घर ।)

**Note : -** यदि सम्मिलित अधिकार की बात है तो last noun के साथ Apostrophe's लगाते है ।

**Eg:-** Mohan and Sohan's house.

# 25 CHAPTER PRONOUN (सर्वनाम)

- Noun के बदले प्रयुक्त होने वाले शब्द को Pronoun कहते है ।
- Noun के repetition से बचने के लिए ही pronoun का प्रयोग किया जाता है ।

**Pronoun के प्रकार**

1. Personal Pronoun (पुरूषवाचक सर्वनाम)
   I, me, we, us, you, he, him, she, etc.
2. Relative Pronoun (संबंधवाचक सर्वनाम)
   Who, whom, whose, which, that etc.
3. Interrogative Pronoun (प्रश्नवाचक सर्वनाम)
   Who, what, whom, whose, where, etc.
4. Reflexive Pronoun (निजवाचक सर्वनाम)
   Myself, ourselves, yourself, yourselves, etc.
5. Emphatic Pronoun (दृढ्ता वाचक सर्वनाम)
   Myself, yourself, himself, herself etc.
6. Demonstrative Pronoun(संकेतवाचक सर्वनाम)
   This, that, these, those etc.
7. Reciprocal Pronoun (परस्पर सूचक सर्वनाम)
   Each other, one another etc.
8. Distributive Pronoun (विभागबोधक सर्वनाम)
   Each, either, neither, every, none etc.
9. Indefinite Pronoun (अनिश्चित सर्वनाम)
   Everybody, somebody, someone, no one, much, few, little etc.
10. Exclamatory Pronoun (विस्मयादिबोधक सर्वनाम) What! etc.
11. Possessive Pronoun (अधिकारवाचक सर्वनाम)
    Mine, ours, yours, his, hers etc.

- **Personal Pronoun** :- वे pronoun जो तीनों persons (1,2,3) में होते है ।

| Persons | Subjective Case | Objective Case |
|---|---|---|
| 1st person | I | Me |
| | We | Us |
| 2nd person | You | You |
| 3rd person | He | Him |
| | She | Her |
| | It | It |
| | They | Them |

- **Relative Pronoun** - वे pronoun जो अपने पहले प्रयुक्त nouns या noun equivalent words से संबंध बताते है तथा दो sentences को जोडने का कार्य करते है, Relative Pronoun कहलाते है । (Who, which, that, whom, whose etc.)

  **Ex :-** I met Veena, <u>who</u> was returning from school. **(R.P.)**
  he pen <u>that</u> my father gave writes well.

- **Interrogative Pronoun -** वे pronoun जो प्रश्न पूछने के लिए प्रयुक्त होते हैं ।
  जैसे– (What, who, where, whose, which)
- **Reflexive Pronoun -** जब वाक्य में 'स्वयं', खुद ही, खुद को, अपने आप जैसे शब्दों का प्रयोग हो तब Reflexive Pronoun का use होता है ।
  **Ex :-** The poor man poisoned himself and his children.
- **Emphatic Pronoun -** यदि sentence में प्रयुक्त verb से पूर्व Myself, himself, yourself, itself आये तो Emphatic होता है और बाद में आये तो Reflexive Pronoun होता है ।
  **Ex :-** I myself did it. (Emphatic)
  I did it myself. (Reflexive)
- **Demonstrative Pronoun -**
  This/that/these/those, such, the same.
- **Reciprocal Pronoun -** Each other/one another.
  दो के बीच परस्पर शब्द की अंग्रेजी – Each other

दो से अधिक के लिये – One Another

**Ex:-** Ram and Sohan quarrel each other. (✓)

Four sons quarrel one another. (✓)

- **Distributive Pronoun -** Each, either, neither
- **Indefinite Pronoun -** Somebody, anybody, everybody, nobody, anyone, all.
- **Exclamatory Pronoun -** What!

## Uses of Pronouns

**1. Personal Pronoun**

(i) जब विभिन्न Pronoun एक ही sentence में प्रयुक्त हो तब–

बुरी बात का आभास न हो → 2 3 1

बुरी बात कही गयी हो → 1 2 3

**Ex:-** You, he and I shall study for the exam. (Good sense)

I, you and he have made a blunder. (Bad sense)

(ii) Let, like, between, but, except एवं preposition के बाद objective case का प्रयोग होता है ।

**Ex:-** Let me do this work.

My daughter looks like me.

(iii) दो Nominative के बीच तुलना हो तो As/than के बाद Nominative case का प्रयोग

**Ex:-** He is as fast as I.

I run faster than he.

(iv) दो objective के बीच तुलना हो तो As/than के बाद objective case pronoun का प्रयोग किया जाता है ।

**Ex:-** I know you as much as him.

**2. Possessive Pronoun**

(i) इनका प्रयोग noun के पहले नहीं होता है।

**Eg:-** Ours school was closed for four days. (×)

Our school was closed for four days. (✓)

(ii) sentence में verb के subject के रूप में–

**Ex:-** Yours is a new car.

Hers is a beautiful house.

(iii) sentence में verb के object के रूप में–

**Ex:-** Save your time and mine too.

(iv) Preposition के object के रूप में–

**Ex:-** I prefer your help to hers.

(v) Separation, leave, excuse, mention, report, pardon, sight, favor के साथ possessive case –

**Ex:-** At his sight the robbers fled. (×)

At the sight of him the robbers fled. (✓)

(vi) Gerund ($V^1$ + ing) के पहले possessive adjective का प्रयोग –

**Ex.:-** I was confident of my winning the match.

She was not confident of her doing well in the examination.

**3. Reflexive Pronoun**

(i) Acquit, avail, reconcile, amuse, resign, avenge, except, apply, adapt, adjust, pride, absent एवं enjoy के बाद Reflexive –

**Ex:-** You should avail yourself of this opportunity.

The officers acquitted themselves well during the crisis.

(ii) Keep, stop, turn, qualify, bathe, move, rest, open, sell, wash, drains, shave, concentrate, feel, hurry के बाद Reflexive नहीं–

**Ex:-** He hid himself in the room. (×)

He hid in the room. (✓)

**4. Distributive Pronoun**

(i) **Either** – दो में से कोई एक

**Ex:-** Either of these two pens is red.

(ii) **Neither** – दो में से कोई भी नही।

**Ex:-** Neither of those two girls is active.

**5. Reciprocal Pronoun**

(i) **Each other-** दो व्यक्ति या वस्तुओं के लिए

(ii) **One another** - दो से अधिक व्यक्तियों या वस्तुओं के लिए

**Ex:-** He was so afraid that his knees knocked each other.

After the farewell, the students bade one another goodbye.

**6. Relative Pronoun**

(i) Who/which/that का प्रयोग subordinate clause के subject के रूप में–

**Ex:-** The boy <u>who</u> came here is a player.

(ii) And से जुड़कर दो antecedent, जिनमें एक मनुष्य तथा दूसरा जानवर/वस्तु हो तो 'that' आयेगा।

**Ex:-** The man and his dog <u>that</u> I saw yesterday have been kidnapped.

(iii) Superlative degree + that

**Ex:-** Kabir is the most laborious man that I have ever seen.

(iv) All का प्रयोग व्यक्ति के लिए होने पर – who/that

All का प्रयोग वस्तु के लिए होने पर – that

All + singular uncountable noun – that

(v) The same + noun के बाद That

**Ex:-** This is the same man that deceived me.

**7. Interrogative Pronoun**

(i) Who – subject का पता

Whom – object का पता

Whose – मालिक का पता करने के लिए

**Ex:-** who is playing?

Whom has he invited?

Whose book is this?

(ii) जब दो या दो से अधिक में से एक का चुनाव करना हो– Which

**Ex:-** Which is your brother in the crowd? (✓)

Who is your brother in the crowd? (×)

**8. Demonstrative Pronoun** - (This, That, There, Those, Such, The same)

(i) This/That – समीप की वस्तु/वस्तुओं के लिए

**Ex:-** This is a cat.

These are cats.

(ii) That/Those – दूर की वस्तु/वस्तुओं के लिए

**Ex:-** That is a book.

Those are book.

- Singular noun के repetition को रोकने के लिए - 'That of'

Plural noun के repetition को रोकने के लिए - 'Those of'

**Ex:-** The climate of Pune is better than that of Mumbai.

The streets of Delhi are wider than those of Mumbai.

**Some special rules for Pronoun -**

(1) Like तथा unlike का use preposition की तरह होता है। इसके साथ कभी–कभी verb के रूप में भी होता है ।

like and unlike preposition की तरह प्रयुक्त हो तो pronoun objective case में रहता है ।

**Ex:-** My daughter looks like I. (×)

My daughter looks like me. (✓)

(2) Let शब्द के बाद Objective case में pronoun का प्रयोग करते है।

**Ex:-** Let he go. (×)

Let him go. (✓)

(3) Preposition के बाद Objective case में Pronoun का use होता है न कि nominative case के pronoun का

**Ex:-** Ravi laughed at you and I. (×)

Ravi laughed at you and me. (✓)